## जीजी बोर्डिंग में मनाया गया बाल-दिवस

रायगढ़,(आरएनएस)। गार्जीयन एण्ड गाईड इंग्लिष मिडियम स्कूल षाखा धनुहारडेरा एवं केवड़ाबाड़ी में बाल दिवस का आयोजन आनंद एवं हर्श के साथ सम्पन्न हुआ। भारत रत्न पंडित जवाहरलाल नेहरु जी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में स्कूल के समस्त छात्र-छात्राओं को रायगढ़ अंचल के स्व. दिलीप सिंह जूदेव वृहद सिंचाई परियोजना स्थित बाल उद्यान का सामूहिक भ्रमण कराया गया। ज्ञात हैं कि पंडित जवाहरलाल नेहरु जी सदैव विद्यार्थियों के सर्वांगिण विकास के प्रवर्तक रहें हैं। इस अवसर पर जी.जी. बोर्डिंग स्कूल षाखा धनुहारडेरा एवं जी.जी. बोर्डिंग स्कूल षाखा केवड़ाबाड़ी के समस्त छात्र-छात्राओं के मध्य विभिन्न प्रकार के खेल एवं तातकालिक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गार्जीयन एण्ड गाईड स्कूल के संचालक षिरीश सारडा एवं तृप्ती अग्रवाल ने उपस्थित विद्यार्थियों को बाल उद्यान का भ्रमण करवाया तथा समस्त छात्र-छात्राओं को बच्चों के प्रिय पंडित जवाहरलाल नेहरु जी के जीवन की प्रेरक बातों को बताया जिससे समस्त विद्यार्थियों ने ध्यान पूर्वक सुना एवं पंडित नेहरु के व्यक्तित्व से प्रेरित हुए। साथ ही विद्यार्थियों को देशी खेल खेलना सिखाया जैसे पिटटुल, छुआ-छुपी आदि जिसका विद्यार्थियों ने भरपूर आनंद उठाया। इस अवसर पर स्कूल के शिक्षकों में सुचेताली मुखर्जी, सुषांती महंत, सुधांषु प्रधान, विकास विष्वाल, संगीता साहु, श्रीमती संगीता भोय, बिन्नु पाण्डेय,डोमन देवांगन, ज्योतिर्मयी, प्रकाष श्रीवास,ज्योतिप्रभा साहु, निकीता पण्डा, अंजली षर्मा, सुनीता षर्मा, दीक्षा अग्रवाल, विनीता अग्रवाल, तनुजा साहु,मनीशा माझी सहित समस्त शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं की सक्रिय सहभागिता रही। अखिलेष षर्मा जी केलो परियोजना अनुविभागीय अधिकारी जी को संस्था की ओर से विषेश धन्यवाद जिन्होने स्वछता एवे सुरक्षा का विषेश ध्यान रखा।

## आधार सीडिंग का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण करें पटवार

रायगढ़,(आरएनएस)। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी रायगढ़ की अध्यक्षता में आज तहसील कार्यालय रायगढ़ में राजस्व विभाग के तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक एवं पटवारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। एसडीएम रायगढ़ ने जिले के समस्त पटवारियों को आधार सीडिंग का कार्य 15 दिवस के भीतर शत-प्रतिशत पूर्ण करने एवं डिजिटल सिग्नेचर संबंधित अभिलेखों में निर्धारित समयावधि में प्रविष्ठियों का सत्यापन किया जाकर 15 दिवस के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिनका डिजीटल सिग्नेचर कार्य नहीं कर रहा है वे अपना रजिस्ट्रेशन तत्काल कराएं। उन्होंने ग्रामों में आधार सीडिंग हेतु अनुपस्थित कृषकों की सूची प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। जिले में सूखे के कारण किसी कृषक का यदि फसल नुकसान हुआ हो, तो तत्काल प्रकरण तैयार कर प्रस्तुत करने एवं राजस्व न्यायालयों द्वारा प्रतिवेदन हेतु पटवारियों को जारी ज्ञापन का तत्काल पालन करने हेतु निर्देशित किया। रायगढ़ तहसील अंतर्गत परिवर्तित भूमि का पृथक से संधारण खसरा संधारित करने हेतु निदेशित किया गया। साथ ही जनदर्शन एवं समय-सीमा के पत्रों का निर्धारित समयावधि में निराकृत करने हेतु पटवारियों को निर्देशित किया गया।

## कलेक्टर ने किया धान खरीदी केन्द्रो का आकस्मिक निरीक्षण

कोरिया, (आरएनएस)। राज्य शासन दिषा निर्देषों के अनुरूप खरीफ विपणन वर्ष 2017-18 हेतु समर्थन मूल्य पर जिले में भी आज 15 तारीख से धान खरीदी का कार्य प्रारंभ हो गया है। धान खरीदी का कार्य आगामी 31 जनवरी 2018 तक चलेगा। जिले में समर्थन मूल्य पर बीस उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से धान की खरीदी की जायेगी। कलेक्टर नरेन्द्र दुग्गा ने आज विकासखण्ड बैकुण्ठपुर के आदिम जाति सेवा सहकारी समिति धौराटिकरा, सरभोका, पटना और गिरजापुर तथा विकासखण्ड खडगवां के चिरमी एवं बंजारीडांड का आकस्मिक निरीक्षण किया और धान खरीदी हेतु की गई व्यवस्था का जायजा लिया। इस अवसर पर कलेक्टर दुग्गा ने उपार्जन केंद्र बंजारीडांड में इलेक्ट्रानिक तौल मषीन में खडे होकर तौल मषीन की गुणवत्ता की जांच की। कलेक्टर दुग्गा ने कहा कि धान खरीदी और भुगतान की पारदर्षी व्यवस्था की गई है। जिस दिन धान की खरीदी होगी उसी दिन किसानों के बैंक खातो में राषि चली जायेगी। उन्होनें कहा कि इस कलेक्टर दुग्गा ने कहा कि वर्ष धान के समर्थन मूल्य पर 80 रूपए प्रति क्विटंल की वृद्धि की गई है। इसके फ्लस्वरूप मोटाधान 1550 रूपए और पतला धान 1590 रूपये प्रति क्विटंल की दर से खरीदा जायेगा। उन्होने कहा कि धान खरीदी केन्द्रो में धान विक्रय करने वाले किसानों का पूरा ध्यान रखा जाये उनके लिए छाया, पेयजल और बैठक की व्यवस्था करने की भी बात कही। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर दुग्गा ने खरीदी केन्द्रो में धान का समर्थन मूल्य का प्रदर्षन, धान खरीदी का निर्धारित मूल्य, धान खरीदी का समय, नोडल अधिकारी का टेलीफोन नम्बर और टोल फ्री नम्बर आदि का अवलोकन किया। इसके अलावा उन्होनें सभी उपार्जन केन्द्रो में कांटे, बांट का सत्यापन, कम्प्यूटर, प्रिटर, जनरेटर एवं यू.पी.एस की स्थिति एवं नमी मापक यंत्र और बारदाने आदि का भी जायजा लिया। उन्होने समिति प्रबंधकों को धान खरीदी केंद्र की समुचित साफ सफाई कराने के भी निर्देष दिये।

# लोक सेवा केन्द्रों के जरिए दी जायेंगी नई सेवाएं


file photo

रायगढ़,(आरएनएस)। कलेक्टर श्रीमती शम्मी आबिदी ने जानकारी दी कि लोक सेवा केन्द्रों के जरिए नई सेवाएं दी जायेंगी। जिनमें उद्यानिकी विभाग के अंतर्गत प्रमाणित बीजों के व्यवसाय हेतु अनुज्ञप्ति पत्र जारी करना तथा नवीनीकरण, स्वास्थ्य विभाग के तहत आयुर्वेद, यूनानी, प्राकृतिक एवं योग स्नातक चिकित्सा व्यवसायियों का पंजीयन, मत्स्य विभाग के तहत विभागीय जलाशयों से स्वत्व शुल्क आधार पर मत्स्याखेट करने के इच्छुक संस्थाओं समूहों के आवेदन पत्र पर कार्यवाही, त्रिस्तरीय पंचायत राज संस्थाओं का तालाब पट्टे के प्रकरण प्रस्तुत करना, बीमित मछुवारों की मृत्यु/स्थायी अपंगता होने पर उसकी दुर्घटना बीमा राशि का प्रकरण तैयार करना, हितग्राहियों के मछली पालन हेतु ऋण प्रकरण तैयार कर प्रस्तुत करना, महिला एवं बाल विकास विभाग के तहत स्वावंलबन योजना, जेल विभाग अंतर्गत जेल नियमावली के अंतर्गत दण्डित बंदियों से मुलाकात एवं पत्र व्यवहार की सुविधा दिया जाना, पुलिस विभाग के तहत थाने में पंजीबद्ध अपराधों की संख्या की जानकारी, सड़क दुर्घटना में मोटर व्हीकल अधिनियम के अंतर्गत प्राधिकरण में प्रतिवेदन प्रस्तुत करना, अनुसूचित जाति, जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत प्रथम सूचना दायर होने पर राहत हेतु प्रकरण प्रस्तुतीकरण, प्राकृतिक आपदाओं जिसमें पुलिस जांच या विवेचना की है में पीड़ित परिवारों के राहत हेतु तहसीलदार को आवेदन, सड़क दुर्घटना में घायलों को तात्कालिक राहत हेतु कार्यवाही, किसी प्रकार की अप्राकृतिक मृत्यु होने पर मुआवजा राशि के विभिन्न बीमा क्लेम एवं राहत योजनाओं के तहत आवेदन, प्रस्तुत शिकायत पर आवेदन पत्र पर की गई कार्यवाही की जानकारी हेतु आवेदन पत्र पर कार्यवाही, शिक्षा विभाग के अंतर्गत अंकसूची की प्रतिलिपि एवं स्थानांतरण प्रमाण-पत्र, बुनकर विभाग के बुनकर सहकारी समितियों एवं हाथकरघा इकाईयों के वित्तीय प्रस्ताव का निराकरण (संचालनालय एवं जिला स्तर पर) एवं शहतूत पौधारोपण विस्तार अंतर्गत पौधे एवं सहायता राशि के प्रदाय हेतु आवेदन पत्र, ग्रामोद्योग के तहत परिवार मूलक / मार्जिन मनी योजना के अंतर्गत अनुदान प्रदाय करना, हैण्डीक्राफ्ट के तहत छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड में संचालित योजनाओं की अंतर्गत हितग्राहियों से प्राप्त आवेदन, लोक निर्माण विभाग के तहत बेरोजगार इंजीनियर पंजीयन हेतु, रेशम पालन के तहत अभिलेखों का अवलोकन एवं प्रतिलिपि उपलब्ध कराना दो सेवाएं, एग्रीकल्चर जिले में उर्वरक व्यवसाय के लिए नवीन पंजीयन एवं नवीनीकरण, जिले में पौध संरक्षण औषधियों के व्यवसाय में लिए अनुज्ञप्ति, नवीनीकरण, कृषि के प्रमाणित लेबल बीजों के व्यवसाय हेतु नवीन अनुज्ञप्ति पत्र जारी करना तथा नवीनीकरण, शक्तिचालित उन्नत कृषि यंत्र वितरण (कृषि/उद्यान संचालनालय)- 3 सेवाएं, नलकूप योजना (किसान समृद्धि एवं सामान्य नलकूप), प्रमाणित बीजों के व्यवसाय हेतु अनुज्ञप्ति पर जारी करना तथा नवीनीकरण, सिंचाई विभाग के तहत सिंचाई प्रदाय करने हेतु आवेदन, पंचायत विभाग के तहत जन्म/मृत्यु पंजीयन (ग्राम पंचायत स्तर), विवाह पंजीयन (ग्राम पंचायत स्तर पर), नल कनेक्शन (ग्राम पंचायत स्तर पर), भवन निर्माण, मरम्मत अनुज्ञा (ग्राम पंचायत स्तर पर), स्ट्रीट लाइट (ब्लब एवं ट्यूब लाइट बदलना), आवश्यक सफाई, वन विभाग के तहत आरामिल अनुज्ञप्ति का नवीनीकरण एवं निराकरण, विनिर्दिष्ट इमारती लकड़ी के विनिर्माता व्यापारियों एवं बढ़ई तथा उपभोक्ताओं का रजिस्ट्रीकरण, विनिर्दिष्ट वन उपज के फुटकर विक्रय के लिए अनुज्ञप्ति की मंजूरी अथवा निराकरण एवं पशु विभाग के तहत पशु रोग उद् भेदों की सूचना प्राप्ति पर कार्यवाही शामिल है।

## एटीएम कार्ड बदलकर अधेड़ के खाते से निकाले 38 हजार

रायपुर (आरएनएस)। एटीएम कार्ड बदलकर अधेड़ के खाते से 38 हजार रूपए पार करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी केशवराम जंघेल पिता स्व. मोहनलाल जंघेल 50 वर्ष प्रेमनगर गुढ़ियारी का रहने वाला है। बताया जाता है कि 14 नवम्बर के शाम प्रार्थी भनपुरी के शांता होटल के सामने स्थित एसबीआई एटीएम में पैसा निकालने गया। जहां एटीएम के अंदर पहले से ही 4 व्यक्ति खड़े थे। जहां पैसा निकालने में देरी होने पर एक व्यक्ति ने प्रार्थी से उसका एटीएम कार्ड मांगा और कहा कि लाओ कितना पैसा निकालना है मैं निकाल देता हूं। जिससे प्रार्थी ने अपना एटीएम कार्ड दिया और 500 रूपए निकालने को कहा। आरोपियों ने प्रार्थी को 500 रूपए निकाल कर दिया। इस दौरान एटीएम कार्ड को बदल दिया। जिसके बाद आरोपियों ने 4 बार में प्रार्थी के खाते से 38 हजार 23 रूपए निकाल लिया। जब प्रार्थी के मोबाईल पर मैसेज आया तो उसने इसकी शिकायत खमतराई थाने में की। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है।

## सौर सुजला योजना के सभी प्रकरण 15 दिसम्बर तक पूर्ण करें- कलेक्टर

धमतरी, (आरएनएस)। सौर सुजला योजना के तहत गठित जिला स्तरीय क्रियान्वयन समिति की समीक्षा बैठक आज दोपहर कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कलेक्टर डॉ. सी.आर. प्रसन्ना की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने योजना के तहत सोलर पम्प स्थापित करने के लिए उप संचालक कृषि को लंबित प्रकरणों का निराकरण कर क्रेडा विभाग को 30 नवंबर तक अग्रेषित करने और 15 दिसंबर तक स्वीकृति आदेश जारी करने के निर्देश दिए। इसके अलावा सोलर पम्प के हितग्राहियों को दलहन-तिलहन और सब्जी, फूलों की खेती के लिए सतत् प्रोत्साहित करने के लिए भी निर्देशित किया। योजना क्रियान्वयन समिति बैठक में जानकारी देते हुए बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2017-18 में योजनांतर्गत 500 सोलर पम्प स्थापित करने का लक्ष्य शासन द्वारा दिया गया है जिसके विरूद्ध अब तक 450 हितग्राहियों का चिन्हांकन पूर्ण कर लिया गया है जो लक्ष्य का 90 प्रतिशत है। इसमें 207 प्रकरण की स्वीकृति कृषि विभाग द्वारा दे दी गई है तथा 243 प्रकरण प्रक्रियाधीन है। यह भी बताया गया कि 41 सोलर पम्प की स्थापना पूर्ण कर ली गई है। कलेक्टर ने जिले में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति कमार तथा निम्न तबके के ऐसे किसान जो योजना के तहत सोलर पम्प स्थापित करने के इच्छुक हैं किन्तु प्रक्रिया शुल्क की अदायगी करने में सक्षम नहीं हैं, उनकी सूची शीघ्र तैयार कर प्रस्तुत करने के लिए कहा, ताकि उन्हें अन्य मद से प्रक्रिया शुल्क के लिए सहयोग प्रदान किया जा सके। इस अवसर पर क्रेडा, कृषि, विद्युत विभाग के अधिकारियों सहित क्रियान्वयन एजेंसियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## आधार व सुरक्षा जैसे मुद्दों पर विचार करेगी संसदीय समिति


file photo

नई दिल्ली , (आरएनएस)। गृह मंत्रालय से संबंधित संसद की स्थायी समिति आने वाले समय में 'आधार' के संबंध में निजता एवं राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी चिंताओं के अलावा आतंकवाद, नक्सलवाद एवं पूर्वोत्तर राज्यों की सुरक्षा स्थित और सामाजिक एवं साम्प्रदायिक सौहार्द जैसे विषयों पर विचार करेगी। लोकसभा सचिवालय की बुलेटिन के अनुसार, गृह मामलों से जुड़ी संसद की स्थायी समिति अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, महिलाओं समेत समाज के कमजोर वर्ग के लोगों पर अत्याचार के विषय पर भी विचार करेगी। समिति इसके साथ ही पुलिस बलों के आधुनिकीकरण और पुलिस सुधार को लागू करने के मुद्दे पर विचार करेगी। समिति अंडमान निकोबार एवं पुडुचेरी जैसे केंद्र शासित क्षेत्रों के प्रशासन एवं विकास से जुड़े विषय के साथ आपदा प्रबंधन, केंद्रीय सशस्त्र बल एवं संगठन तथा पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास जैसे विषयों पर भी चर्चा करेगी।

## गुजरात में कांग्रेस की सरकार बननी चाहिये



इटावा-(आरएनएस )। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आज यहां कहा कि गुजरात में ज्यादा सीटों पर हम नहीं लड़ रहे हैं। लेकिन गुजरात में बीजेपी को लाभ न पहुँचे इसलिये हम कांग्रेस के लिए अपील कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब बदलाव आना चाहिए और गुजरात मे कांग्रेस की सरकार बननी चाहिये। अपने पैतृक गॉव सैफई में पत्रकारों से बात करते हुए अखिलेश ने कहा कि निकाय चुनाव की जिम्मेदारी उन्होंने संगठन पर छोड़ी है। अखिलेश ने कहा कि मुख्यमंत्री और प्रशासन बीजेपी को चुनाव जीताने में लगा है। कहा कि सपा सरकार ने उत्तर प्रदेश में सबसे बेहतरीन एक्सप्रेस वे और करीब 50 जिलों में सड़के बनाने का काम किया है। केवल नेशनल हाइवे की हालत बहुत खराब है। हार्दिक पटेल की सीडी मामले पर अखिलेश ने कहा कि किसी की सीडी दिखाने, किसी की प्राइवेसी को सार्वजनिक करने, झूठा प्रचार करने में बीजेपी इस मामले में बहुत होशियार पार्टी है। लेकिन गुजरात में लोग सीडी से ज्यादा जीएसटी और नोटबन्दी से परेशान है। श्री श्री रविशंकर और मुख्यमंत्री की मुलाकात पर अखिलेश ने कहा कि रविशंकर और मुख्यमंत्री बड़े स्वामी है। उन दोनों के बीच में क्या बात हो रही है मुझे नहीं मालूम। कहा कि देश का संविधान सब मानते है और देश का कानून सबको मानना चाहिए। अखिलेश ने कहा कि इस मामले पर सुप्रीम कोर्ट का जो फैसला आये उसे सबको मानना चाहिए।

## उत्तर कोरिया पर लगाम लगाने चीन भेज रहा विशेष दूत

बीजिंग , (आरएनएस)। चीन अपने विशेष दूत को उत्तर कोरिया भेजेगा. चीन के सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी. गौरतलब है कि हाल ही में समाप्त हुए अपने एशिया दौरे पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्योंगयांग की ओर से मिलने वाली परमाणु धमकियों के खिलाफ समर्थन जुटाने का प्रयास किया है. राष्ट्रपति शी चिनफिंग के विशेष दूत सोंग ताओ शुक्रवार को उत्तर कोरिया जाने वाले हैं, वहां वह चाइनीज कम्युनिस्ट पार्टी की पिछले महीने हुई कांग्रेस के बारे में चर्चा करेंगे. शिन्हुआ समाचार एजेंसी ने यह जानकारी दी यह घोषणा ट्रंप के पांच दिवसीय एशिया दौरे के समापन के एक दिन बाद की गई. इस दौरे में ट्रंप ने शी से भी मुलाकात की थी और अपने चीनी समकक्ष से कहा था कि वह उत्तर कोरिया पर लगाम लगाने के लिए जल्द कुछ करें, साथ ही चेतावनी दी थी कि समय तेजी से निकलता जा रहा है. अमेरिकी प्रशासन का मानना है कि उत्तर कोरिया को चीन से मिलने वाला आर्थिक फायदा प्योंगयांग के परमाणु हथियारों और मिसाइल कार्यक्रमों पर रोक लगाने में महत्वपूर्ण साबित हो सकता है. ट्रंप ने रविवार को कहा,शी ने उन्हें बताया है कि वह उत्तर कोरिया के खिलाफ प्रतिबंधों को बढ़ा रहा है. हालांकि चीन ने नए दंडात्मक कदमों की कोई घोषणा नहीं की है.

## अमेरिका में हिंदुओं के खिलाफ घृणा अपराधों में 100 फीसदी की वृद्धिः

वॉशिंगटन (आरएनएस)। साउथ एशियन बार एसोसिएशन ऑफ नॉर्थ अमेरिका (एसएबीए) ने कहा कि दक्षिण एशियाई लोगों के खिलाफ बढ़ते घृणा अपराध को दिखाने वाली एफबीआई की हालिया रिपोर्ट समुदाय के कई सदस्यों के बीच असुरक्षा की भावना की पुष्टि करती है. एसएबीए ने कल कहा कि दक्षिण एशियाई लोगों के खिलाफ घृणा अपराध के मामलों में कुल पांच फीसदी का इजाफा हुआ जबकि 2015 के मुकाबले 2017 में हिंदुओं के खिलाफ घृणा अपराधों में शत प्रतिशत वृद्धि हुई है. एसएबीए अध्यक्ष रिषी बग्गा ने कहा, ''ये आंकड़े हमारे समुदाय के कई लोगों के बीच असुरक्षा की इस भावना को पुष्ट करते हैं कि हमें निशाना बनाया जा रहा है.''बग्गा ने कहा,''हमें कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ काम करना चाहिए और जब भी घृणा अपराध की घटनाएं हों तो उनकी रिपोर्ट दर्ज करानी चाहिए. हमें बोलना चाहिए. सबसे महत्वपूर्ण है कि हमें एक-दूसरे का सहयोग करना चाहिए.''एसएबीए ने कहा कि मुस्लिमों को निशाना बनाने वाली घटनाओं में 19 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और सिखों को निशाना बनाने वाली घटनाओं में 17 फीसदी का इजाफा हुआ है. उसने कहा,''दक्षिण एशियाई समुदाय को जिस तरह से निशाना बनाया जा रहा है वह हमने 9/11 हमले के बाद हुई घटनाओं से लेकर अब तक नहीं देखा.

## आतंकवादी हमले में 25,673 लोगों की मौत


file photo

लंदन,(आरएनएस)। आतंकवादी हमलों में मारे गए लोगों की संख्या में वर्ष 2016 में लगातार दूसरे साल कमी आई है लेकिन इससे प्रभावित हुए देशों की संख्या में इजाफा हुआ है. यह जानकारी कल जारी किए गए वैश्विक आतंकवाद सूचकांक (जीटीआई) में दी गई. आस्ट्रेलिया के इंस्टीट्यूज फॉर इकोनॉमिक्स एंड पीस की ओर से पेश इस रिपोर्ट में पाया गया कि आतंकवादी हमलों के कारण पिछले साल 25,673 लोगों की मौत हुई. इस संख्या में वर्ष 2014 की तुलना में 22 प्रतिशत गिरावट हुई. रिपोर्ट के अनुसार मृतक संख्या में सीरिया, पाकिस्तान और अफगानिस्तान में काफी कमी आई है. रिपोर्ट के अनुसार 77 देशों में कम से कम एक घातक हमला हुआ . यह संख्या वैश्विक आतंकवाद डेटाबेस के 17 वर्षों के इतिहास में सर्वाधिक है. यह रिपोर्ट इसी डेटाबेस पर आधारित है. अमेरिका की यूनिवर्सिटी ऑफ मैरीलैंड द्वारा एकत्रित इन आंकड़ों को वैश्विक स्तर पर अपनी तरह के सबसे समग्र आंकड़ें समझा जाता है. जीटीआई ने कहा कि पीड़ितों की संख्या में गिरावट ''मुख्य सकारात्मक तथ्य''है और''कट्टरपंथी इस्लामी अतिवाद के खिलाफ लड़ाई में एक अहम मोड़ है. इसमें नाइजीरिया में सर्वाधिक सुधार देखा गया है जहां बोको हराम के कारण मारे गए लोगों की संख्या में पिछले साल 80 प्रतिशत कमी आई, लेकिन इस्लामिक स्टेट समूह के कारण मारे गए लोगों की संख्या में वर्ष 2016 में बढ़ोतरी हुई है. इराक में सर्वाधिक 40 प्रतिशत बढ़ोतरी हुई है. जीटीआई ने आतंकवाद के वैश्विक स्तर पर फैलने को लेकर चिंताजनक बताया. वर्ष 2015 की तुलना में पिछले साल 12 से अधिक देश घातक हमलों का शिकार बने. अफगानिस्तान में वर्ष 2016 में तस्वीर ''जटिल''रही. वहां तालिबान ने आम नागरिकों के खिलाफ हमले कम कर दिए लेकिन सरकारी बलों के साथ उसका संघर्ष बढ़ा.